# पृष्ठभूमि 8

तुरंत जारी करने हेतु | वित्त मंत्रालय
2021FIN0023-000744
20 अप्रैल, 2021

**वहन करने योग्य अधिक आवास का निर्माण**

कोविड-19 महामारी के कारण, ब्रिटिश कोलंबिया निवासी पहले की अपेक्षा कहीं ज़्यादा घरों के भीतर ही रह रहे हैं। शारीरिक दूरी और घर से काम करने वाले स्थानों ने रोज़मर्रा के जीवन में लोगों के घरों की भूमिका बदल दी है।

तीन वर्ष पहले, सरकार ने बी सी के इतिहास में एक ही बार सब से बड़ा निवेश किया और होम्ज़ फॉर बी सी का आरंभ किया: जो ब्रिटिश कोलंबिया में वहन करने की योग्यता लाने के लिए एक 30-बिन्दु योजना है। बजट 2021 में माली योजना के दौरान $80 मिलियन प्रदान किए गए हैं, ताकि इस रणनीति के लिए माली मदद देना जारी रखा जा सके और अवास की स्पलाई को बढ़ा कर और बेहतर बना कर ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के लिए 114,000 वहन करने योग्य घर मुहैया करवाने को प्रथमता दी जा सके।

**ज़रूरी निवेश करना जारी रखने के लिए हाउसिंग हब को अधिक माली नरमी देना**

बजट 2021 में विकास वित्त-पोषण के लिए हाउसिंग हब, जो बी सी हाउसिंग का एक डिवीज़न है, के द्वारा $2 बिलियन प्रदान किए गए हैं, ताकि सरकार मध्य-आमदनी वाले ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के लिए किराए के लिए नए आवास और घरों का स्वामित्व हासिल करने के अवसर उत्पन्न करने के लिए समुदायों, लाभ-निरपेक्ष और निजी क्षेत्र के सांझेदारों के साथ भागीदारी कर के काम कर सके।

इस अधिकतर निवेश के साथ, हाउसिंग हब आगामी तीन से पाँच वर्षों के दौरान, मध्य-आमदनी वाले परिवारों के लिए लगभग 9,000 नए घर बनाना संभव बना सकेगी। होम्ज़ फॉर बी सी के आरंभ होने से ले कर, बी सी हाउसिंग हाउसिंग हब के द्वारा, मध्य-आमदनी वाले ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के लिए पूरे प्रांत में निर्मित किराए के लिए और ज़्यादा आवास के विकल्प प्राप्त करने में स्थानिक सरकारों, लाभ-निरपेक्ष संस्थाओं, समुदायों और निजी क्षेत्र के सांझेदारों के साथ सहयोग कर रहा एक अहम भागीदार है। इस माली मदद से यह इस प्रोग्राम की आज तक की सफलता को और आगे बढ़ा सकेगा।

**सामाजिक और वहन करने योग्य अधिक आवास बनाने के लिए सीधे निवेश करना**

सहायक आवास इकाईयों से ले कर मिश्रित-आमदनी वाली, किराए वाली वहन करने योग्य इकाईयों तक, प्रांतीय सरकार आवास में किए गए ऐतिहासिक निवेशों में और बढ़ोतरी करना जारी रख रही है- जो बजट 2018 से शुरू हो कर 10 वर्षों के दौरान $7 बिलियन हो चुके हैं। बजट 2021 में 114,000 इकाईयों के निर्माण में सहायता करने के लिए माली मदद प्रदान करना जारी रखा गया है, जिस में लाभ-निरपेक्ष आवास प्रदाताओं के लिए अनुदान के रूप में माली मदद और $1.6 बिलियन के पूँजीगत निवेशों के द्वारा माली योजना के दौरान, 10,000 नई आवास इकाईयों के लिए माली मदद शामिल है। यह नई इकाईयाँ ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को सहारा देने में मदद करेंगी, जैसे कि मध्य-आमदनी वाले परिवार, बुज़ुर्ग, मूलवासी लोग और हिंसक स्थितियों में से बच कर निकलने वाली स्त्रियां और बच्चे, और यह उन ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के लिए जिन को इस की ज़रूरत है, अधिक आवास विकल्प मुहैया कराने की सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं।

**होम्ज़ फॉर बी सी की प्रगति**

होम्ज़ फॉर बी सी प्रांतीय सरकार को वहन करने योग्य घरों की कमी का समाधान करने के रास्ते पर बढ़ाने के लिए और रियल एस्टेट मार्केट को स्थिर करने के लिए कार्य कर रहा है। वास्तविक योजना के 30 बिंदुओं में से, 16 मुकम्मल हो चुके हैं 14 और पर प्रगति हो रही है। इस प्रगति में ऐसे मुख्य उपाय शामिल हैं:

- पूरे प्रांत के समुदायों में 26,000 इकाईयों का निर्माण मुकम्मल करवाना या उन पर प्रगति करवाना।
- बेदख़ली का सामना कर रहे किराएदारों के लिए सुरक्षा में सुधार करने के लिए रेज़ीडेंशियल टेनेंसी एक्ट को अपडेट करना।
- किराए में अधिक से अधिक वार्षिक वृद्धि को 2% तक घटाना और किराए से संबंधित नियंत्रणों से बचने के लिए मकान मालिकों की ओर से इस्तेमाल की जाने वाले बचाव के रास्ते बंद करना।
- विदेशी ख़रीदारों के लिए टैक्स को 20% तक बढ़ाना।
- स्पेकुलेशन और वेकेंसी टैक्स आरंभ करना, जिस के निशाने पर उच्च माँग वाले इलाकों में खाली संपत्तियां हैं और इस से घरों को किराए के लिए बाज़ार में वापस लाने में मदद मिली है।
- रियल एस्टेट में गुप्त स्वामित्व को समाप्त करने के लिए लैंड ओनर ट्रांसपेरेंसी रजिस्टरी बनाना।
- कौंडो एंड स्ट्रेटा असाइनमेंट इनटेगरिटी रजिस्टर के द्वारा कौंडो प्रीसेल असाइनमेंटों पर होने वाली टैकस चोरी को रोकने के लिए सख़्ती करना।

अब तक, उन घरों के निर्माण के लिए जिन की लोगों को ज़रूरत है, टैक्स धोखाधड़ी को रोकने के लिए सख़्ती करने के लिए, बचाव के रास्ते बंद करने के लिए, रियल एस्टेट मार्केट को स्थिर करने के लिए और बी सी के हर एक समुदाय में वहन करने की योग्यता के लिए भागीदारियां बनाने के लिए, प्रांतीय सरकार ने योजना में दी गईं आधी से अधिक कार्यवाहियों के बारे में कदम उठाए हैं।

बी सी में प्रांतीय माली मदद के अंतर्गत ऐलान किये गए सभी आवास प्रॉजेक्टों की स्थिति दर्शाता एक नक्शा ऑनलाइन उपलब्ध है: https://www.bchousing.org/homes-for-BC

**संपर्क:**
वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710

बी सी की प्रांतीय सरकार से news.gov.bc.ca/connect पर संपर्क करें